हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 1 जुलाई 2026


तापमान

अधिकतम 42.9 डिग्रीसे
न्यूनतम 25.5 डिग्रीसे


14 हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा में 20 सेंटरों ...



14 सीएम के दौरे की तैयारियां पूरी, उपायुक्त ने लिया जायजा




### खबर संक्षेप

## यूपीआई से 3.27 लाख की साइबर ठगी, केस

**यमुनानगर।** नरेंद्र नगर, जगाधरी वर्कशॉप निवासी आशा रानी साइबर ठगी का शिकार हो गईं। ठगों ने 4 से 7 जून के बीच यूपीआई के माध्यम से उनके बैंक खाते से अलग-अलग ट्रांजैक्शन कर कुल 3.27 लाख रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर खाते से रकम कटने के संदेश मिलने पर उन्हें धोखाधड़ी का पता चला। इसके बाद उन्होंने तुरंत बैंक पहुंचकर अपना खाता बंद कराया और साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायत दी। जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## चोरों ने चुराए एसी के पाइप व कॉपर वायर

**यमुनानगर।** शहर की ईस्ट भाटिया नगर कॉलोनी में चोरों ने रात के समय घर में घुसकर एक के कॉपर पाइप व कॉपर वायर चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। ईस्ट भाटिया नगर निवासी मुकेश ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 28 जून की रात को काम पर गया था। इस दौरान चोरों ने रात को उसके घर में घुसकर एसीके कॉपर के पाइप व कॉपर की वायर चोरी कर ली। सुबह जब वह घर लौटा तो उसे घर में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर कॉपर वायर व पाइप गायब थे। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## महिला का पति पर जहरीला पदार्थ देने का आरोप, केस

**यमुनानगर।** थाना छप्पर क्षेत्र के कल्याणपुर माजरी निवासी अनुराधा ने अपने पति रोहित कुमार पर उसे दहेज के लिए प्रताड़ति करने तथा जहरीला पदार्थ देने का आरोप लगाया है। महिला का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी रोहित कुमार के खिलाफ केस दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी। कल्याणपुर माजरी बाल छप्पर निवासी अनुराधा ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी बाल छप्पर निवासी रोहित कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद से आरोपी उसे अधिक दहेज की मांग करने लगा। मांग पूरी न होने पर आरोपी ने 22 जून को उसके साथ मारपीट की और उसे जहरीला पदार्थ दे दिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी रोहित कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## 270 ग्राम अफीम सहित तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए.थ्री पुलिस ने चौटाला रोड से उत्तराखंड के देहरादून निवासी आकाश ठाकुर को 270 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया। आरोपी उत्तरकाशी से अफीम खरीदकर पानीपत में बेचने आया था। उसके खिलाफ थाना सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस उसके सप्लायरों की तलाश में जुटी है। आरोपी पर उत्तराखंड में भी मादक पदार्थ तस्करी का मामला दर्ज है।

## ई रिक्शा लूट गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए.वन पुलिस ने ई रिक्शा चालक से लूट के मामले में मोहित और विशाल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अपने साथी कार्तिक के साथ मिलकर चालक दिनेश से मारपीट कर ई रिक्शा लूट लिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर ड्रेन से ई रिक्शा बरामद कर लिया है, जबकि फरार कार्तिक की तलाश जारी है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### प्रो. असीम कुमार घोष ने किया कुवि की नई कैफेटेरिया, रोज गार्डन का शिलान्यास

# एलुमनाई का सहयोग विश्वविद्यालयों की सबसे बड़ी ताकत : राज्यपाल

**विवि के पूर्व छात्र हेमंत और नलिनी गुप्ता के 5 लाख अमेरिकी डॉलर के सहयोग की सराहना की**

**पूर्व छात्रों से छात्रवृत्ति, शोध सहयोग, इंटर्नशिप आधारभूत ढांचे के विकास में योगदान की अपील की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

प्रदेश के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष ने मंगलवार को लोक भवन, हरियाणा से वर्चुअल माध्यम से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में बनने वाली आधुनिक कैफेटेरिया और रोज गार्डन परियोजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर मित्रा घोष, कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल, विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षकगण, पूर्व छात्र एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम से हुआ। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कैफेटेरिया एवं रोज गार्डन परियोजना के शिलापट्ट का अनावरण किया। इसके बाद उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोक भवन में वृक्षारोपण किया। समारोह के दौरान परियोजना से संबंधित स्मारिका का भी विमोचन किया गया।अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों के विकास में पूर्व छात्रों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय और उसके पूर्व छात्रों के बीच आजीवन संबंध शिक्षा की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हेमंत गुप्ता एवं नलिनी गुप्ता द्वारा कैफेटेरिया निर्माण के लिए 5 लाख अमेरिकी डॉलर के योगदान की सराहना करते हुए इसे अन्य पूर्व छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि कई दशक पहले कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र रहे हेमंत गुप्ता ने अमेरिका में अपनी मेहनत, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच के बल पर विशेष पहचान बनाई, लेकिन अपनी मातृ संस्था को कभी नहीं भुलाया। उनका यह योगदान केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय के प्रति गहरे लगाव और कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने देश-विदेश में फैले कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एलुमनाई नेटवर्क से छात्रवृत्ति, शोध सहयोग, इंटर्नशिप, मार्गदर्शन, परोपकारी कार्यों तथा आधारभूत ढांचे के विकास में सहयोग करने की अपील की।उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने में पूर्व छात्रों को आगे आना चाहिए। विशेष रूप से ऐसे परिवारों के विद्यार्थियों की सहायता की जानी चाहिए, जहां पीढ़ियों से कोई सदस्य उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाया है। राज्यपाल ने कहा कि भगवद्गीता की पावन भूमि पर स्थित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पिछले लगभग 70 वर्षों से शिक्षा, अनुसंधान और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।



कुरुक्षेत्र। कुवि की नई कैफेटेरिया, रोज गार्डन परियोजना का शिलान्यास करते राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष।

### विद्यार्थियों को मिलेगा बेहतर माहौल

कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि नई कैफेटेरिया और रोज गार्डन से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक व सामाजिक वातावरण मिलेगा। उन्होंने पूर्व छात्र हेमंत गुप्ता एवं नलिनी गुप्ता के 5 लाख अमेरिकी डॉलर के सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि यह परियोजना शिक्षा और मातृ संस्था के बीच आजीवन संबंध का प्रेरक उदाहरण है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. सुनीता सिरोहा, प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रॉक्टर प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. डी एस. राणा, प्रो. एसके चहल, प्रो. प्रीति जैन, कुका निदेशक प्रो. अनिल मित्तल, प्रो. प्रदीप मित्तल, प्रो. जीपी दुबे, प्रो. ओमवीर सिंह, प्राचार्या प्रो. रीटा, प्रो. कुसुमलता, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, प्रो. शुचिस्मिता, प्रो. कंवल गर्ग, डॉ. सलोनी पी दिवान, सौरभ चौधरी, प्रो. ज्योति खजूरिया, कुटा प्रधान डॉ. जितेन्द्र खटकड़, प्रो. दीपक राय बब्बर, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. राजन शर्मा, ओएसडी पवन रोहिला, उप-कुलसचिव विनोद वर्मा, कुंटिया प्रधान राजवंत कौर, सहित शिक्षक व कर्मचारी मौजूद थे।

### अंबालाः महिला हत्याकांड में नया मोड़

# अब कार मालिक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला

- मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत की आशंका
- जिस कार से मिला था महिला का शव, उसी का था मालिक
- परिजनों ने निष्पक्ष जांच की उठाई मांग



मृत मिला मनिंद्र (हत्या का शक)



कत्ल की गई मनिंद्र कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

अंबाला शहर के गोबिंदगढ़ में हुई मनिंदर कौर की हत्या की गुत्थी उलझ गई है। जिस कार में महिला का शव मिला था उसके मालिक मनिंदर सिंह का शव रेलवे ट्रैक पर टुकड़ों में मिला है। पता चला है कि मालगाड़ी की चपेट में आने के कारण शव का धड़, बाजू और पैर अलग हो गए। जीआरपी ने शव को 27 जून की दोपहर 4:38 मिनट पर घेल गांव के निकट रेलवे ट्रैक से बरामद कर लिया था। शिनाख्त न होने के कारण अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया था। लापता मनिंदर सिंह की तलाश करते हुए सुबह परिजन जीआरपी थाने पहुंचे तो शिनाख्त हुई। पुलिस ने रेलवे ट्रैक के पास से मनिंदर सिंह की बाइक बरामद की। इस नए खुलासे के बाद अब पुलिस की जांच हत्या और आत्महत्या के बीच उलझ गई है। अंबाला शहर जीआरपी थाना प्रभारी सब-इंस्पेक्टर यश पाल ने बताया कि 27 जून की दोपहर को किलोमीटर नंबर 273/4-6 दरम्यान शंभू के निकट एक युवक का शव मिला था। राजपुरा से अंबाला कैंट की तरफ जा रही मालगाड़ी के लोको पायलट रूपेश कुमार ने बताया था कि पटरी पार करते हुए युवक ट्रेन की चपेट में आया था। मृतक के लोअर की जेब से कोई दस्तावेज न मिलने के कारण शिनाख्त नहीं हो पाई थी। जो आईफोन था वो भी टूटा मिला था। फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉक्टर से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिजन चाचा करणवीर व मामा ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि मनिंदर सिंह को पुलिस द्वारा पहले ढूंढ लेना चाहिए था।

### कार से मिला था शव

गोबिंदगढ़ गांव के रहने वाले मनिंद्र सिंह की कार से ही अंबाला शहर से लापता हुई मनिंद्र कौर का शव मिला था। उसकी मां ने ही कार में शव होने की भनक लगने के बाद पुलिस को सूचना दी थी। मनिंद्र की बेरहमी से हत्या कर शव कार में छुपाया गया था। सूचना के बाद ही पुलिस ने कार से मनिंद्र का शव जब्त किया था। सेक्टर 8 की रहने वाली मनिंद्र कौर तब लापता हुई थी जब वह अपनी मां के लिए नारियल पानी लेने आई थी। मनिंद्र ही अपनी मां की देखभाल कर रही थी। जब मनिंद्र नारियल पानी लेने आई थी वह लापता हो गई थी। तब परिवार की ओर से उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस को दी थी। इसके बाद मनिंद्र का शव काले रंग की कार से मिला था।

## कुविः 1332 छात्रों ने दी एमकॉम एमसीए व एमबीए की प्रवेश परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में 29 जून को आयोजित एमकॉम, एमसीए व एमबीए पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गईं।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि इस प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 1,503 छात्रों को सीट आवंटित की गई थी, जिसमें से 1,332 छात्र परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 171 छात्र अनुपस्थित रहे। एम.कॉम पाठ्यक्रम के लिए यूनिवर्सिटी कम्युनिटी सेंटर में 191 में से 164 छात्रों ने परीक्षा दी। वहीं, एमसीए कोर्स के लिए सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन और वाणिज्य विभाग में बनाए गए केंद्रों पर कुल 680 नामांकित छात्रों में से 623 छात्र उपस्थित रहे और 57 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इसके अलावा, एमबीए (बजटेड और एसएफएस) पाठ्यक्रमों के लिए यूनिवर्सिटी कम्युनिटी सेंटर और इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज के केंद्रों पर कुल 632 आवंटित छात्रों में से 545 छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि 87 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि 28 जून को विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज केंद्र पर बी.एड. स्पेशल एजुकेशन और एम.एससी. होम साइंस के लिए कुल 321 छात्रों को परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए थे, जिनमें से 277 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए और 44 छात्र अनुपस्थित रहे। बी.एड. स्पेशल एजुकेशन में 233 में से 207 छात्र और एम.एससी. होम साइंस में 88 में से 70 छात्र परीक्षा में बैठे।

## 50 हजार की चोरी के शक में ई रिक्शा चालक की पीटकर हत्या

- दुकान के अंदर सोफे पर मिला शव, पत्नी ने आठ लोगों पर लगाया हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत


थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र की गंगाराम कॉलोनी में दुकान से 50 हजार रुपये ले जाने के शक में ई-रिक्शा चालक 25 वर्षीय सूरज की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह उसका शव दुकान के अंदर सोफे पर पड़ा मिला। मृतक की पत्नी मधु ने अजीत और उसके सात साथियों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने अजीत समेत आठ लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।हरिनगर काबड़ी कच्चा फाटक निवासी मधु ने बताया कि उनके पति सूरज अपने दोस्त अजीत का ई-रिक्शा किराये पर चलाते थे। सोमवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह ई-रिक्शा लेकर घर से निकले थे। रात करीब साढ़े आठ बजे रणजीत, कुंदन और राजा उर्फ काला उनके घर पहुंचे और कहा कि सूरज दुकान से 50 हजार रुपये लेकर गया है तथा पैसे चावल की बाल्टी में रखे हैं। बाल्टी की जांच करने पर कोई रकम नहीं मिली।मधु के अनुसार, इसके बाद रणजीत ने उनकी अजीत से फोन पर बात कराई। अजीत ने भी सूरज पर 50 हजार रुपये ले जाने का आरोप लगाया। फोन पर पीछे से सूरज के साथ मारपीट की आवाजें आ रही थीं और वह बार-बार कह रहा था कि उसने पैसे नहीं लिए। इसके बाद रातभर सूरज घर नहीं लौटा।मंगलवार सुबह सूचना मिली कि सूरज की हत्या हो गई है और उसका शव दुकान के अंदर पड़ा है। पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुकान का शटर खुलवाया तो शव सोफे पर मिला। शव के गले पर चोट के निशान थे और उसके शरीर पर केवल अंडरवियर था।मधु का आरोप है कि अजीत, रणजीत, मुकेश, प्रिंस, राजा, कुंदन, धर्मेंद्र और एक अन्य साथी ने मिलकर उसके पति की हत्या की। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर आठ लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार नंबर ट्रेस से पहचान, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा खुलासा

## करनालः एनएच-44 पर कार में मिला चालक का शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

मधुबन थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 की सर्विस रोड पर खड़ी कार में युवक का शव मिलने से मंगलवार को क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि टाटा मोटर्स के सामने सर्विस रोड पर एक होंडा कार काफी देर से खड़ी है और उसमें एक व्यक्ति अचेत अवस्था में बैठा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार का दरवाजा खुलवाया तो ड्राइविंग सीट पर बैठे व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। इसके बाद एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए गए। शुरुआत में मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर जांच आगे बढ़ाई, जिसके बाद मृतक की पहचान गांव बंबेरहेड़ी निवासी सत्यवान के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि वह एक निजी रेजिडेंशियल स्कूल के संचालक की कार चलाता था और लंबे समय से उनके यहां कार्यरत था। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का है। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



करनाल। एनएच-44 की सर्विस रोड पर खड़ी कार में मिला शव।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

- घर के दरवाजे पर बेसुध मिला मृतक, मुंह से निकल रहे थे झाग

**यमुनानगर।** जिले के छछरौली क्षेत्र के गांव मानकपुर ललहाड़ी में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक अपने ही घर के दरवाजे पर बेसुध पड़ा मिला। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। जानकारी मिलते ही परिजन उसे तुरंत एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 20 वर्षीय वंश उर्फ मंगू के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक के पिता सतीश कुमार ने बताया कि उनके चार बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। वंश दूसरे नंबर का बेटा था और एक फैक्ट्री में काम करता था। सोमवार शाम वह काम से घर लौटा था। रात का खाना खाने के बाद करीब नौ बजे वह टहलने के लिए घर से बाहर निकला था। परिवार के अन्य सदस्य खाना खाने के बाद घर में ही आराम कर रहे थे। रात 10 बजे एक पड़ोसी युवक घबराया हुआ उनके घर पहुंचा और बताया कि वंश घर के दरवाजे पर बेसुध अवस्था में पड़ा है। परिवार के सदस्य तुरंत बाहर पहुंचे तो देखा कि उसके मुंह से झाग निकल रहा था। नजदीकी अस्पताल लेकर गए, जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद परिजन वंश को यमुनानगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने शमशान घाट शादीपुर के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देसी कट्टा व जिंदा राउंड बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम में तैनात सिपाही ने पुलिस को दी बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि शमशान घाट शादीपुर के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रही युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देसी कट्टा व जिंदा राउंड बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान गांव बदनपुरी निवासी अंकुश कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



यमुनानगर। अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया आरोपी।

## गांजा व 2.02 लाख की संदिग्ध नकदी सहित आरोपी पकड़ा

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के मार्गदर्शन में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शहर पिहोवा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 256 ग्राम गांजा तथा 2,02,040 की संदिग्ध नकदी सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना शहर पिहोवा पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि शेरा पुत्र राम चरण निवासी वार्ड नंबर-8, बाल्मीकि बस्ती, पिहोवा अपने घर में अवैध रूप से गांजा रखकर बेचने का कार्य करता है तथा उसके विरुद्ध पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। सूचना को विश्वसनीय मानते हुए उप पुलिस अधीक्षक पिहोवा से नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर पुलिस टीम ने आरोपी के मकान पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान आरोपी के घर में रखी लोहे की अलमारी से 256 ग्राम गांजा तथा 2,02,040 की नकदी बरामद हुई। बरामद नकदी के संबंध में आरोपी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका। पुलिस ने गांजा व नकदी को नियमानुसार कब्जे में लेकर सील किया तथा पूरी कार्रवाई की ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से वीडियोग्राफी भी कराई गई। पुलिस एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे विधि अनुसार गिरफ्तार किया गया। बरामद गांजा, नकदी एवं अन्य साक्ष्यों को कब्जे में लेकर आगामी जांच जारी है।



कुरुक्षेत्र। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## वफादारीः मालिक को बचाने के लिए ब्लैक कोबरा से भिड़ी 'जिम्मी', गंवाई जान

**करनाल।** वफादारी की मिसाल पेश करते हुए एक पालतू फीमेल लैब्राडोर 'जिम्मी' ने अपने मालिक और परिवार को बचाने के लिए जहरीले ब्लैक कोबरा से मुकाबला किया और अपनी जान दे दी। घटना रविवार शाम की है, जब डॉ. सुमित ठाकुर अपने पालतू कुत्तों के साथ घर से बाहर निकल रहे थे। तभी गेट से कोबरा घर में घुसने लगा। जिम्मी ने तुरंत सांप पर हमला कर दिया। करीब 25 सेकेंड तक चले संघर्ष में कोबरा ने उसे कई बार डंक मारे। सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ा गया, लेकिन करीब आठ मिनट बाद जहर फैलने से जिम्मी की मौत हो गई।



## निवेश के नाम पर महिला से ठगे 1.71 लाख रुपये

**यमुनानगर।** जगाधरी की रूपनगर कॉलोनी निवासी एक महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई। साइबर ठगों ने टेलीग्राम के माध्यम से कंपनी में निवेश कर अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा देकर उससे 1 लाख 71 हजार रुपये ठग लिए। पीड़िता आरुषि को जब अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस को दी शिकायत में आरुषि ने बताया कि 27 जून को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया था। मैसेज पर क्लिक करने के बाद वह एक टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ गई। ग्रुप में कंपनी में निवेश को लेकर बातचीत हो रही थी। इसके बाद आरोपियों ने उससे संपर्क कर कंपनी में पैसा लगाने पर अधिक मुनाफा मिलने का लालच दिया।आरुषि आरोपियों की बातों में आ गई और 27 जून से 29 जून के बीच अलग-अलग ट्रांजैक्शन के माध्यम से कंपनी में 1 लाख 71 हजार रुपये निवेश कर दिए। इसके बाद ठगों ने उससे और पैसे लगाने के लिए कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। इस पर आरोपियों ने उसे टेलीग्राम ग्रुप से हटा दिया। ठगी का एहसास होने पर महिला ने साइबर क्राइम थाना पुलिस में शिकायत दी। पुलिस अब आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

## खबर संक्षेप

### बिट्टू बने शीतला माता मंदिर समिति के प्रधान



**घरौंडा।** घरौंडा शीतला माता मंदिर समिति का चुनाव नगर खेड़ा पर हुआ। जिसमें बिट्टू राणा को प्रधान नियुक्त किया गया। चुनाव पूर्व प्रधान जोगिंद्र राणा की अध्यक्षता में हुआ। इसी के साथ मोनी राणा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। प्रधान बिट्टू राणा ने बताया कि समिति के पदाधिकारियों ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसको निष्ठा व ईमानदारी से निर्वाह करूंगा और मंदिर में समाज हित में कार्य करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर रेनू राणा, श्री पाल राणा पार्षद अश्वनी राणा, जवाहर राणा,ईश्वर राणा, रमेश राणा, संजू राणा आदि मौजूद रहे।

### शिक्षक संस्कारों का निर्माता भी : डॉ. नरेंद्र

**कुरुक्षेत्र।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को पढ़ाने का कार्य नहीं करता, बल्कि उनके व्यक्तित्व, चरित्र और संस्कारों का निर्माण भी करता है। इसलिए प्रत्येक शिक्षक का दायित्व है कि वह समय के साथ स्वयं को निरंतर ज्ञान, कौशल और नैतिक मूल्यों से समृद्ध करता रहे। वे मंगलवार को महार्षि विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सांवला में तीन दिवसीय 25 घंटे के विद्यालय स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है।

### कुरुक्षेत्र पुलिस लाइन में लगाया रक्तदान शिविर

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन, कुरुक्षेत्र में सिविल सर्जन, कुरुक्षेत्र के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। रक्तदाताओं के उत्साह और सामाजिक सरोकार की भावना ने शिविर को सफल बनाया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। शिविर में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाई।

### शिव महापुराण कथा का भंडारे के साथ समापन

**कुरुक्षेत्र।** विश्व प्रसिद्ध श्री स्थाणेश्वर महादेव मंदिर के व्यवस्थापक एवं श्री स्थाणु सेवा मंडल (पंजी.) के मुख्य संरक्षक महंत वंशीपुरी जी महाराज के सान्निध्य और आशीर्वाद से आयोजित सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का सोमवार देर शाम विशाल भंडारे के साथ श्रद्धापूर्वक विश्राम हुआ। 22 से 29 जून तक महंत प्रभातपुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रसिद्ध कथावाचक पंडित राजेंद्र पाराशर ने शिव महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया। शिव भजनों पर श्रद्धालु भक्तिभाव में झूम उठे।

# कबीर के आदर्शों पर चलकर समरस समाज का निर्माण संभव : महापौर

- धानक चौपाल में संत कबीर जयंती समारोह में पहुंचीं रेणु बाला गुप्ता, शोभायात्रा में भी हुईं शामिल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि संत शिरोमणि कबीर दास के विचार आज भी समाज को समानता, प्रेम, भाईचारे और मानवता का संदेश देते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही भेदभाव और सामाजिक कुरीतियों से मुक्त समरस समाज की स्थापना की जा सकती है।

चांद सराय स्थित धानक चौपाल में संत कबीर कल्याण सभा की ओर से आयोजित संत कबीर जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं महापौर ने संत कबीर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सभा की ओर से निकाली गई शोभायात्रा में भी भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने संत कबीर के जयघोष लगाए और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। संत कबीर ने अपने दोहों के माध्यम से समाज को जात-पात, ऊंच-नीच और पाखंड से ऊपर उठकर प्रेम, सद्भाव और निष्काम सेवा का संदेश दिया। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने सदियों पहले थे। उन्होंने सभा के प्रधान सुशील कुमार, अनिल तथा सभी पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।




**करनाल।** धानक चौपाल में संत कबीर जयंती समारोह में श्रद्धांजलि अर्पित करतीं महापौर रेणु बाला गुप्ता।

### सेवानिवृत्त सफाई योद्धा राम सिंह का किया सम्मान

**करनाल।** नगर निगम सभागार में मंगलवार को सेवानिवृत्त सफाई योद्धा प्रधान राम सिंह के सम्मान में आयोजित समारोह में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। मुख्य अतिथि महापौर रेणु बाला गुप्ता ने उन्हें सम्मानित करते हुए वर्षों की ईमानदार सेवा और स्वच्छता के प्रति समर्पण की सराहना की। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सफाई कर्मचारियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि राम सिंह ने अपने लंबे सेवाकाल में पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य कर नगर निगम परिवार का गौरव बढ़ाया है। उनके स्वस्थ, सुखी और सम्मानपूर्ण जीवन की कामना करते हुए कहा कि समाज में ऐसे कर्मयोगियों का सम्मान होना चाहिए, जिन्होंने पूरी निष्ठा के साथ जनसेवा की है।

# बाल भवन के समर कैंप में बच्चों ने अपनी प्रतिभा से बिखेरे रंग

- समापन समारोह में पहुंचीं महापौर, बच्चों की रचनात्मकता और आत्मविश्वास की सराहना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**



बाल भवन में आयोजित समर वेकेशन कैंप का समापन मंगलवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं महापौर रेणु बाला गुप्ता ने बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, कला प्रदर्शनी और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महापौर ने कहा कि समर कैंप बच्चों को नई चीजें सीखने, अपनी प्रतिभा को पहचानने और व्यक्तित्व विकास का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे आयोजन बच्चों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियां भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं।बच्चों की प्रस्तुतियों में उनकी मेहनत, कल्पनाशीलता और प्रशिक्षकों का समर्पण स्पष्ट दिखाई देता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को निरंतर सीखने और अपनी प्रतिभा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला बाल कल्याण अधिकारी मंजू चौधरी, कार्यक्रम अधिकारी सुमर शर्मा, गौरी दत्ता, सहलाज, रजनीश चोपड़ा, नीना, विनीत, नीरू सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

# नशा मुक्त करनाल अभियान को तेज करने के निर्देश

- एनकॉर्ड बैठक में एडीसी राहुल ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**

जिला प्रशासन ने करनाल को नशा मुक्त बनाने के अभियान को और तेज करने का फैसला किया है। एडीसी डॉ. राहुल रईया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशे की रोकथाम के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाए।

मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित जिला स्तरीय एनकॉर्ड बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि स्कूलों में निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग, रंगोली और क्विज जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाए। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाए। उन्होंने ड्रग कंट्रोल विभाग को केमिस्ट दुकानों की नियमित जांच बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई दुकानदार नशीली दवाइयों की अवैध बिक्री करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर लाइसेंस भी रद्द किया जाए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से नशा मुक्ति केंद्रों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में एडीसी ने जिला औषधि नियंत्रक को निर्देश दिए कि सभी मेडिकल स्टोरों पर ऐसे सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिनकी कवरेज दुकान के साथ बाहर सड़क तक हो और रिकॉर्डिंग कम से कम सात दिन तक सुरक्षित रखी जाए।

# अमीरचंद मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ ६ से १२ तक

- कथा व्यास साध्वी राधा शास्त्री अपने मुखारविन्द से अमृत वर्षा करेंगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी**

भक्त अमीर चंद मंदिर सभा तरावड़ी द्वारा संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन आगामी 6 जुलाई से 12 जुलाई तक सायं 3 से 6 बजे तक भक्त अमीर चंद मंदिर में किया जाएगा। समाजसेवी हंस राज पाहूजा एवं पार्षद ओम प्रकाश मल्होत्रा ने बताया कि कथा में कथा व्यास साध्वी राधा शास्त्री वृंदावन वाले अपने मुखारविन्द से अमृत वर्षा करेंगी। अंतिम दिन 12 जुलाई को प्रातः 10 से दोपहर 1:00 बजे तक कथा का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के जीवन में आध्यात्मिक शांति, सुख और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश मिलता है, जो व्यक्ति को सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। श्रीमद् भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की श्रेष्ठ कला सिखाने वाला दिव्य ज्ञान है। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मन की अशांति दूर होती है, जीवन में सुख-समृद्धि का अनुभव होता है तथा भगवान के प्रति श्रद्धा और विश्वास मजबूत होता है।

# 36 वर्ष की सेवाओं के बाद दो पुलिस निरीक्षक सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त

- विदाई समारोह में स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित, अधिकारियों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**

जिला पुलिस करनाल में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले दो पुलिस निरीक्षक मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समारोह में अधिकारियों ने दोनों कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी।

समारोह में उप पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार और उप पुलिस अधीक्षक राखी विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने सेवानिवृत्त निरीक्षक रमेश चंद और निरीक्षक दिलबाग सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके योगदान की सराहना की। अधिकारियों ने दोनों के स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना करते हुए कहा कि पुलिस विभाग में उनकी सेवाएं सदैव प्रेरणादायी रहेंगी।



**करनाल।** सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षकों को सम्मानित करते उप पुलिस अधीक्षक।

## ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और एंट्री प्वाइंट बनाने की योजना पर चर्चा

# सड़क सुरक्षा में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: उपायुक्त

- डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि सुरक्षित सड़कें उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को ट्रैफिक प्रबंधन और सड़क सुरक्षा से जुड़े लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। लघु सचिवालय में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में उपायुक्त ने 13 पुराने और चार नए मामलों की समीक्षा की। उन्होंने सभी सीसीटीवी कैमरे और ट्रैफिक लाइटें पूरी तरह कार्यशील रखने के निर्देश दिए। जुंडला-हथलाना सड़क निर्माण की प्रगति रिपोर्ट मांगी तथा मंजूरा-हथलाना मार्ग पर सड़क बनने तक पैचवर्क कराने के आदेश दिए। कैथल बाइपास स्थित झिलमिल ढाबे के पास सर्विस लेन चौड़ी करने के लिए अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने को कहा। वहीं हांसी चौक और कैथल चौक पर पुलिस कर्मियों के लिए पुलिस पोस्ट बनाने के निर्देश भी नगर निगम को दिए। बैठक में आरटीए विजय देशवाल ने बताया कि मई 2026 में पुलिस ने 29,197 चालान कर 73.20 लाख रुपये जुर्माना वसूला। वहीं आरटीए ने 253 चालान कर 1.11 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। बिना हेलमेट, ओवर स्पीड, गलत दिशा में वाहन चलाने और बिना बीमा जैसे मामलों में सबसे अधिक कार्रवाई की गई। सुरक्षित स्कूल वाहन अभियान के तहत 199 बसों की जांच कर 12 के चालान किए गए। उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर निर्मल कुटिया चौक से नमस्ते चौक तक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां नए एंट्री प्वाइंट विकसित करने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। नमस्ते चौक पर ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए डीएसपी को सर्विस लेन से अवैध पार्किंग हटाने और नगर निगम को जल्द ट्रैफिक लाइट लगाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने लोगों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। साथ ही उन्होंने नो पार्किंग में वाहन खड़े न करने और निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने का भी आह्वान किया।



**करनाल।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा।

### खेल प्रतिभा में निखार के लिए निरंतर अभ्यास जरूरीः डॉ. दिनेश यादव

**कुरुक्षेत्र।** नरकातारी स्थित कुरुक्षेत्र क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में समर क्रिकेट कप 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए डॉ. दिनेश यादव ने कहा कि खेल प्रतिभा में निखार के लिए निरंतर अभ्यास जरूरी है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि वे नियमित अभ्यास को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं तथा हर मैच और हर अभ्यास सत्र से कुछ नया सीखने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि कठिन परिश्रम, धैर्य और सकारात्मक सोच ही खिलाड़ी को ऊंचाइयों तक पहुंचाती है।

उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता को ही नहीं बढ़ाता, बल्कि मानसिक दृढ़ता, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और अनुशासन का भी विकास करता है।

## न्यूज डायरी

### बूथ स्तर तक संगठन विस्तार को लेकर हुई चर्चा



**करनाल।** जिला कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक अध्यक्ष पप्पू लाठर का स्वागत करते कांग्रेस पदाधिकारी।

**करनाल।** जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) कार्यालय में मंगलवार को ब्लॉक अध्यक्ष एमसी-1 पप्पू लाठर के स्वागत के अवसर पर बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) के अध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा आमजन के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच सक्रिय रहकर उनकी समस्याओं को उठाने और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। ब्लॉक अध्यक्ष पप्पू लाठर ने कहा कि संगठन द्वारा मिला सम्मान उनके लिए नई प्रेरणा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने और जनता की आवाज बुलंद करने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। बैठक में देवी सिंह सरपंच, दलशेर डाचर, बिंदर पोसवाल, पंकज गाबा, राकेश डाकवाला, सोनू शर्मा, एडवोकेट अनुज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ग्रामीण श्रमिकों को 125 दिन तक मिलेगा रोजगार



**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा में एक जुलाई से ग्रामीण रोजगार व्यवस्था नए स्वरूप में लागू होगी। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के स्थान पर विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन शुरू किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण श्रमिकों को अधिक रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि नई योजना के तहत रोजगार की अवधि 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। योजना का औपचारिक शुभारंभ दो जुलाई को केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आंध्र प्रदेश के तिरुपति से करेंगे। विधायक ने बताया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला, खंड और ग्राम स्तर पर अधिकारियों, कर्मचारियों, सरपंचों और ग्राम सचिवों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नई व्यवस्था में आधुनिक तकनीक के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने, कार्यों की निगरानी और भुगतान प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जाएगा।

### बिजली कर्मियों ने दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी



**करनाल।** एचएसईबी वर्कर यूनियन ने मंगलवार को सेक्टर-12 स्थित राजीव गांधी विद्युत सदन में सर्कल स्तरीय विरोध प्रदर्शन कर कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शन में कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने तथा बिजली विभाग के निजीकरण का विरोध प्रमुख मुद्दे रहे। प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्कल सचिव महावीर सिंह ने की, जबकि संचालन गुरमीत सिंह ने किया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यदि मांग पत्र पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो दो जुलाई को अंबाला में बिजली मंत्री का घेराव किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि 29 जुलाई को कुरुक्षेत्र में जेल भरो आंदोलन, 28 अगस्त को चंडीगढ़ में मुख्यालय का घेराव तथा 29-30 सितंबर को प्रदेशव्यापी हड़ताल आयोजित की जाएगी। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि हरियाणा बिजली बोर्ड द्वारा पांचवां डिस्कॉम बनाने और अलग कृषि डिस्कॉम स्थापित करने की योजना कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार डालेगी और भविष्य में विभाग के निजीकरण का रास्ता तैयार करेगी। उन्होंने सरकार से इस योजना को तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन में केंद्रीय परिषद के पदाधिकारी देवेंद्र शर्मा, नवीन काछवा, सुरेंद्र, सुरेंद्र मान, जोगिंद्र पाल, सीताराम, रमेश एबला, राजेश वर्मा, विनोद जिंदल, अमी सिंह, राजकुमार चौधरी, दीवान चंद, विकास शर्मा, महीपाल सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का अभिनंदन समारोह दो को



**करनाल।** समस्त अग्रवाल समाज करनाल की ओर से भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के सम्मान में दो जुलाई को भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सेक्टर-8 स्थित अग्रसेन भवन में शाम सात बजे शुरू होगा। समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को अग्रसेन भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कार्यक्रम संयोजक कृष्ण गर्ग ने की। इस दौरान आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां तय की गईं और प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए गए। कृष्ण गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं को नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य किया है। डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष बनाना इसी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज इस निर्णय का स्वागत करता है और दो जुलाई को करनाल में उनका भव्य अभिनंदन किया जाएगा, जिसमें समाज की महिलाओं की भी विशेष भागीदारी रहेगी। बैठक में दीपक गुप्ता, डॉ. एसके गोयल, विकास बंसल, जितेंद्र सिंगला, नरेंद्र गोयल, मुनीष गर्ग, देवेंद्र अग्रवाल, सुनील गुप्ता, अंकुर गुप्ता, आशीष गुप्ता, पंकज गर्ग, मुकेश गुप्ता, बृज गर्ग, सुनील गोयल, शुभम गुप्ता सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### डॉ. घुम्मन को बेस्ट प्रेसिडेंट ऑफ द जोन अवॉर्ड्स

**शाहबाद।** रोटेरियन डॉ. आर. एस. घुम्मन को बेस्ट प्रेसिडेंट ऑफ द डिस्ट्रिक्ट तथा बेस्ट प्रेसिडेंट ऑफ द जोन के अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। वहीं रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा को बेस्ट क्लब ऑफ द जोन अवार्ड का सम्मान प्राप्त हुआ। क्लब के प्रधान रोटेरियन डॉ. आर. एस. घुम्मन ने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान क्लब द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल और समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों के आधार पर ये सम्मान प्राप्त हुए हैं। क्लब को 2025-26 के प्रत्येक माह में सर्वाधिक प्रोजेक्ट्स करने के लिए मैक्सिमम नंबर ऑफ प्रोजेक्ट्स डन के अवॉर्ड्स मिले। उन्होंने बताया कि राजकीय कन्या विद्यालय में नए शौचालय ब्लॉक के निर्माण के लिए क्लब को /"मोस्ट इनोवेटिव प्रोजेक्ट/" तथा जरूरतमंदों को 550 उपयोगी कपड़ों के वितरण के लिए /"मैक्सिमम आउटरीच प्रोजेक्ट/" का अवार्ड मिला एवं स्कूल विद्यार्थियों के लिए वाटर कूलर तथा आर. ओ. सिस्टम लगाने के लिए मोस्ट इन्वेटिव प्रोजेक्ट का अवार्ड मिला। वहीं 10 नए वाटर कूलर स्थापित करने की परियोजना को द बेस्ट प्रोजेक्ट ऑफ जोन 14 चुना गया तथा इसी के साथ रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा को मैक्सिमम प्रोजेक्ट्स इन जोन-14 का अवार्ड मिला।

### ब्रह्मचारी का लक्ष्य शिक्षण संस्थाओं की स्थापना

**कुरुक्षेत्र ।** देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी के जीवन का लक्ष्य अध्यात्म के साथ देश में जयराम शिक्षण संस्थाओं की स्थापना करना है। श्रीजयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि श्रीजयराम संस्थाओं के अंतर्गत उत्तराखंड, हरियाणा, उत्तरप्रदेश व दिल्ली इत्यादि विभिन्न राज्यों में जयराम आश्रमों और शिक्षण संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी का मुख्य लक्ष्य अध्यात्म का प्रसार करने के साथ-साथ देश में श्रीजयराम शिक्षण संस्थानों की स्थापना करना है ताकि जरूरतमंद और सुदूर क्षेत्रों के बच्चों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी का दृष्टिकोण शिक्षा एवं भारतीय संस्कृति-संस्कारों को एक साथ आगे बढ़ाना है। उनका मानना है कि वास्तविक शिक्षा वही है जो आधुनिक ज्ञान के साथ-साथ नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का विकास करे। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र में श्री जयराम विद्यापीठ और उत्तराखंड के हरिद्वार में स्थित जयराम आश्रम उनकी सामाजिक, शैक्षणिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के मुख्य केंद्र हैं। देशभर में जयराम संस्थाओं का नेटवर्क स्थापित करके शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाना और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को समान अवसर प्रदान करना उनके जीवन का संकल्प है।

## खबर संक्षेप

### लोग विधायक का जताएंगे आभार

**पानीपत।** अशोक नगर बाजार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता देवेंद्र सिंह ने की। का. पुष्पेंद्र शर्मा ने बताया कि विधायक प्रमोद विज, पार्षद जयदीप अरोड़ा और बाजार के सदस्यों के प्रयासों से सड़क के बीच लगे बिजली ट्रांसफॉर्मरों को हटाकर एक ओर स्थानांतरित किया गया है। इससे ट्रैफिक जाम, दुर्घटनाओं और सुरक्षा संबंधी समस्याओं में राहत मिली है। रजत खुराना ने बताया कि ट्रांसफॉर्मरों के डायवर्जन से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था भी अधिक सुचारु हुई है। बैठक में बाजार के सदस्यों ने विधायक से शिष्टाचार भेंट कर उनका आभार व्यक्त करने का निर्णय लिया है।

### घर-घर जाकर बच्चों को पिलाई दवा

**बापौली।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तीसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने बापौली व सनौली खुर्द क्षेत्र में घर-घर जाकर जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। स्वास्थ्य कर्मी राजरानी और मूर्ति देवी ने अभिभावकों से प्रत्येक अभियान में बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाने की अपील की।

### मतदाता पुनरीक्षण अभियान में तेजी

**पानीपत।** विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान एसआईआर 2026 के तहत जिले में मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने का कार्य तेजी से जारी है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि सभी गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं, जबकि 90.57 प्रतिशत प्रपत्र प्राप्त हो चुके हैं। अभियान के तहत 21 हजार से अधिक प्रपत्र प्राप्त होने के साथ 74 हजार से अधिक ईएफ अपलोड किए जा चुके हैं। उपायुक्त ने कहा कि बीएलओ द्वारा सत्यापन कार्य लगातार जारी है और अभियान की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे बीएलओ का सहयोग कर मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

### 13 अमृत सरोवरों का आज लोकार्पण

**पानीपत।** जिले में जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए 13 अमृत सरोवरों का लोकार्पण किया जाएगा। इन सरोवरों के पुनर्जीवन एवं सौंदर्यीकरण पर 439.49 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि अमृत सरोवरों में गाद सफाई, तटबंध सुदृढ़ीकरण, पैदल पथ, सोलर लाइट, वृक्षारोपण और आरसीसी बेंच जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण नारायणगढ़ से होगा, जबकि जिला स्तरीय समारोह में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने नागरिकों, ग्राम पंचायतों और सामाजिक संगठनों से कार्यक्रम में शामिल होकर सरोवरों के संरक्षण में सहयोग देने की अपील की।

## यमुना प्रदूषण नियंत्रण को लेकर प्रशासन सख्त

# तीन ड्रेनों का वैज्ञानिक डाटा तैयार करें: उपायुक्त

इसराना में एसटीपी के लिए भूमि चयन पर भी चर्चा की



पानीपत। समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते डीसी डॉ.हरीश वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन ने ड्रेनवार कार्ययोजना के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए समीक्षा बैठक की। उपायुक्त डॉ.हरीश कुमार वशिष्ठ ने अधिकारियों को ड्रेन नंबर. 2, 6 और 8 का वैज्ञानिक डाटा तैयार करने, जल प्रवाह का आकलन करने तथा सभी विभागों को तय समय में जिम्मेदारियां पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईटीपी की स्थिति और इसराना में एसटीपी के लिए भूमि चयन पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि यमुना संरक्षण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रत्येक विभाग को समन्वयए पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करना होगा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे, एसडीएम इसराना नवदीप नैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### यमुना किनारे बसे 19 गांवों में बाढ़ से निपटने की तैयारी तेज

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ हरीश कुमार वशिष्ठ ने जिला सचिवालय में बाढ़ प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने यमुना किनारे बसे 19 गांवों में मॉक ड्रिल, आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण और प्रत्येक गांव के लिए अलग कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। संवेदनशील क्षेत्रों का 3 जुलाई को निरीक्षण कर राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक में एडीसी अंकित चौकसे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## आगामी पिराई सत्र को लेकर बनाई रणनीति

# पानीपत सहकारी चीनी मिल में पिराई सत्र की तैयारियों पर मंथन

आधुनिकीकरण, विभिन्न उपकरणों एवं स्पेयर पार्ट्स की खरीद पर जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत सहकारी चीनी मिल लिमिटेड के आगामी पिराई सत्र 2026.27 की तैयारियों को लेकर जिला सचिवालय में मिल के प्रशासकीय मंडल बीओए की बैठक उपायुक्त एवं मिल अध्यक्ष डॉ.हरीश कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मिल के रखरखाव, आधुनिकीकरण, विभिन्न उपकरणों एवं स्पेयर पाट्र्स की खरीद तथा 5000 टीसीडी शुगर मिल और 28 मेगावाट को.जनरेशन प्लांट के ऑफ.सीजन रखरखाव सहित कई प्रस्तावों पर चर्चा की गई। डॉ.वशिष्ठ ने कहा कि आगामी पिराई सत्र को पूरी क्षमता के साथ संचालित करने के लिए तकनीकी एवं खरीद संबंधी कार्य समय पर किए जाएंगे। उन्होंने किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निर्णय लेने पर जोर दिया। बैठक में एमडी शुगर मिल नवदीप नैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


पानीपत। चीनी मिल में पिराई सत्र की तैयारियों को लेकर बैठक लेते डॉ.हरीश कुमार वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

### शुगर मिल में 111 पौधे लगाए


**पानीपत।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के उपलक्ष्य में पानीपत शुगर मिल, डाहर में सहकारिता सप्ताह की शुरुआत 111 पौधे लगाकर की गई। प्रबंध निदेशक नवदीप सिंह नैन ने अधिकारियों और कर्मचारियों को पौधों की देखरेख की शपथ दिलाई। इस दौरान आम, जामुन, आंवला, अर्जुन, शीशम सहित विभिन्न पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में कैलाश चंद्र, राजकुमार, बीएस हुड्डा व ग्रीनमैन प्रो.दलजीत कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# वाइस चेयरपर्सन के इस्तीफे से आया सियासी तूफान

पार्षदों पर लगाए लाखों की अवैध धनराशि की मांग के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

नगर परिषद समालखा की वाइस चेयरपर्सन शिक्षा देवी के इस्तीफे ने स्थानीय राजनीति में बड़ा तूफान खड़ा कर दिया है। इस्तीफे के साथ सामने आए आरोपों ने न केवल नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि राजनीतिक गलियारों में भी चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। मंगलवार को शिक्षा देवी ने अपना इस्तीफा पानीपत के उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ को सौंप दिया। इसके बाद अब नए वाइस चेयरपर्सन के चयन को लेकर सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं। इस्तीफे के बाद शिक्षा देवी के प्रतिनिधि एवं पति सुभाष शर्मा ने कई गंभीर आरोप


**समालखा।** अपना इस्तीफा डीसी डॉ.हरीश कुमार वशिष्ठ को सौंपते हुए वाइस चेयरपर्सन शिक्षा देवी।

लगाते हुए दावा किया कि कुछ पार्षदों द्वारा उनसे लगातार तीन से पांच लाख रुपये तक की अवैध धनराशि की मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि भाजपा की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का पालन करते हुए उन्होंने किसी भी प्रकार की गलत मांग के आगे झुकने से इनकार कर दिया। सुभाष शर्मा के अनुसार अवैध मांगों को न मानने के कारण कुछ पार्षद उनके विरोध में खड़े हो गए और विश्वास प्रस्ताव लाने की धमकियां देने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार दबाव और पैसों की मांग के कारण वे मानसिक रूप से परेशान थे। शर्मा ने यह भी दावा किया कि एक पार्षद ने अन्य लोगों की अपेक्षा दोगुनी रकम की मांग रखी थी। उन्होंने कहा कि इन्हीं परिस्थितियों से तंग आकर शिक्षा देवी को इस्तीफा देने का कठिन निर्णय लेना पड़ा। शर्मा ने बताया कि 17 पार्षदों में से 3 पार्षद ऐसे रहे जिन्होंने हर परिस्थिति में उनका समर्थन किया और मजबूती से उनके साथ खड़े रहे।

# डा.अनु कालड़ा बनी इनर व्हील क्लब के जोन 9 की जोनल क्लब कोऑर्डिनेटर

**पानीपत,** 30 जून : इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन के लिए यह अत्यंत गौरव और सम्मान का क्षण है कि क्लब की कर्मठ पूर्व प्रधान डा.अनु कालड़ा को इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 308 के जोन 9 के प्रतिष्ठित जेड सी सी जोनल क्लब कोऑर्डिनेटर पद पर निर्वाचित किया गया है। वर्षों बाद इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन के गौरवशाली इतिहास में यह सम्मानजनक दायित्व प्राप्त कर उन्होंने पूरे क्लब की प्रतिष्ठा और पहचान में उल्लेखनीय वृद्धि की है। गोरतलब है की उनके प्रधान पद का कार्यकाल आज भी न केवल क्लब के सदस्यों के मानस पटल पर आज भी अंकित है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर क्लब में हर्ष और उत्साह का वातावरण व्याप्त है। क्लब की चार्टर अध्यक्ष कंचन सागर इस अवसर पर भावुक हो उठी। उन्होंने डा.अनु कालड़ा को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि क्लब के हर सदस्य के उस स्वप्न की साकार परिणति है, जिसमें इतने महत्वपूर्ण पद पर आसीन होने की कल्पना होती है।


पानीपत। डा.अनु कालड़ा इनर व्हील की पदाधिकारियों के साथ ।

## न्यूज डायरी



### गुरु हरगोबिंद साहिब का 431वां प्रकाश पर्व मनाया

**समालखा।** गुरुद्वारा जानक दरबार साहिब, मॉडल टाउन में छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब का 431वां प्रकाश पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। श्री सुखमणी साहिब के पाठ व भाई गुरमुख सिंह के गुरबाणी कीर्तन के बाद अरदास एवं गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया। गुरुद्वारा कमेटी प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने गुरु साहिब के जीवन और त्याग पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जीवन सिंह, कुलदीप सिंह, बलकार सिंह, सीमा अरोड़ा, वीना कपूर सहित बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही।

### माँ रेणुका जी दर्शन यात्रा 11 को रवाना होगी

**पानीपत।** बीएमएस परिवार प्रबंध समिति पानीपत के तत्वावधान में 11 से 12 जुलाई तक माँ रेणुका जी दर्शन यात्रा का आयोजन श्री श्री 1008 महामडलेश्वर परमहंस श्री दयानंद भारती जी महाराज संचालक गायत्री आश्रम, रेणूका जी के सानिध्य में किया जाएगा। बीएमएस के पानीपत शहरी जिलाध्यक्ष संजीव भारद्वाज ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ 11 जुलाई को सुबह 7 बजे स्काईलार्क से होगा। इस दौरान श्रद्धालु भगवान परशुराम मंदिर, नारायणगढ़, माँ बालासुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर तथा हिमाचल प्रदेश स्थित माँ रेणुका जी के दर्शन करेंगे। यात्रा कार्यक्रम के अनुसार 12 जुलाई को प्रातः श्रद्धालु रेणुका झील की परिक्रमा करेंगे।

### एसआईआर अभियान में सक्रिय रहेगी जजपा

**इसराना।** जजपा ने इसराना विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान में सक्रिय भागीदारी का निर्णय लिया है। हलका अध्यक्ष कप्तान सिंह जागलान ने बताया कि क्षेत्र को पांच जोन में बांटकर पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। जिला प्रधान रामनिवास पटवारी ने कहा कि पार्टी बीएलओ का सहयोग करेगी ताकि किसी पात्र मतदाता का नाम न कटे और कोई गलत नाम सूची में शामिल न हो। बैठक में सुरेश काला, सुरेंद्र धोला, गीता पलड़ी, सरिता मोर, मनु मान, कमलजीत मलिक और मोहित कपूर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कानून पर विश्वास से लोकतंत्र होता है मजबूत

**पानीपत।** अधिवक्ता, लेखक एवं सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य निखिल चुघ ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की न्याय व्यवस्था तभी प्रभावी मानी जाती है, जब आम नागरिक यह महसूस करे कि कानून उसके अधिकारों की समान रूप से रक्षा करेगा और न्याय बिना किसी भेदभाव के उपलब्ध होगा। उनका कहना है कि कानून का पालन केवल दंड के भय से नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था पर विश्वास के कारण होना चाहिए। यही विश्वास लोकतंत्र को मजबूत बनाता है और नागरिकों में कानून के प्रति स्वाभाविक सम्मान विकसित करता है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता केवल नए कानून बनाने की नहीं, बल्कि नागरिकों में कानून के प्रति भरोसा बढ़ाने की भी है। न्याय तक आसान पहुँच, पारदर्शी प्रशासन, समयबद्ध न्यायिक प्रक्रिया और कानूनी जागरूकता ऐसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जो कानून और समाज के बीच विश्वास को मजबूत करते हैं।

# गर्मी की छुट्टियों में खूब मौज मस्ती की, अब स्कूल चलें हम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना

गर्मी की छुट्टियों में खूब मौज मस्ती की ओर नाना मामा के साथ साथ बुआ के घरों पर जाकर गर्मी की छुट्टियों में जम कर मौज-मस्ती। गर्मी की छुट्टी कैसे बीती इसका पता भी नहीं चला। उल्लेखनीय यह है कि गर्मी की छुट्टियों से पहले अनेक परिजन अपने बच्चों को कहां कहां घूमाने लेकर जाते हैं इसके लिए पहले से ही प्लानिंग बनाईं जाती है। गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को धार्मिक स्थलों के साथ-साथ ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करवाते हैं।

अब आज 1 जुलाई को स्कूल खुलेंगे ओर आज छुट्टियों का अन्तिम दिन होने पर कुछ बच्चे स्कूल का छुट्टियों का होमवर्क पूरा करने में जुटे हैं। क्योंकि स्कूल खुलते ही सभी विषयों के टीचर्स छुट्टियों का दिया हुआ होमवर्क चैक करेंगे। कुछ विद्यार्थियों ने अपना होमवर्क पूरा कर लिया है ओर अपना स्कूली बस्ता तैयार कर लिया है।



# विद्यार्थियों ने भाषणों के माध्यम से कुरीतियों पर प्रकाश डाला

- पीसीसी अकेडमी में सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पीसीसी अकेडमी एन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज में रंगारंग सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मन से मंच का भय पूरी तरह समाप्त करना, आत्मविश्वास विकसित करना तथा समाज में सकारात्मक संदेश देना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रकाश डाला तथा नाटकों के माध्यम से माता-पिता के प्रति सम्मान, भारतीय संस्कृति एवं हरियाणवी संस्कृति के मूल्यों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। अक्षयवट एल्डर केयर के संस्थापक, निदेशक एवं चेयरमैन विनोद जुनेजा तथा उनकी पत्नी पायल जुनेजा मुख्य अतिथि रहे। उनका स्वागत पीसीसी अकैडमी की डायरेक्टर शिल्पा परुथी एवं चेयरमैन राजीव परुथी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इस अवसर पर गोरांशी, गरिमा, वंशिका, सुकृति, वृंदा मुंजाल, गौरव, राजू, मोहित, सचिन सहित अनेक विद्यार्थी और अभिभावक मौजूद रहे।



पानीपत। कार्यक्रम में भाग लेने वाले पीसीसी अकेडमी के विद्यार्थी।

## बैठक
## हाऊस की मीटिंग में 25 सदस्यों में से 18 सदस्यों ने भाग लिया

# पिछले कामों को किया जाएगा पूरा हाउस ने चेयरमैन को दिया अधिकार

चेयरमैन हरपाल मलिक ने की मीटिंग की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना

इसराना पंचायत समिति की बैठक इसराना पंचायत समिति सभागार में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता इसराना ब्लाक पंचायत समिति चेयरमैन हरपाल मलिक ने की। जिसमें मुख्य रूप से जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी पानीपत राजेश शर्मा उपस्थित रहे। जिसमें 25 सदस्यों में से 18 सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें सभी पंचायत समिति सदस्यों ने हाऊस की मीटिंग में चेयरमैन हरपाल मलिक को विकास कार्य करवाने का अधिकार दिया। सभी सदस्यों ने पिछले रुके हुए कामों को पूरा करने के बारे में अपने अपने विचार रखें। वहीं चेयरमैन हरपाल सिंह ने सभी सदस्यों को भरोसा दिलवाया की सभी कामों को पूरा करवाया जायेगा। जल्दी से कामों की ग्रांट आने वाली है। इसराना ब्लाक पंचायत समिति की बैठक में महिला सदस्यों के साथ-साथ उनके परिजन भी अन्दर बैठे हुए थे।


इसराना। ब्लाक पंचायत समिति सदस्यों के साथ चेयरमैन हरपाल मलिक। फोटो : हरिभूमि

### दीपक अत्री एचयूजे के जिला अध्यक्ष बने

**पानीपत।** हरियाणा यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स ट्रेड की जिला पानीपत इकाई के गठन को लेकर आज राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी वशिष्ठ की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी वशिष्ठ ने जिला पानीपत की नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए दीपक अत्री को जिला पानीपत अध्यक्ष नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान तथा पत्रकारिता के मूल्यों को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। घोषित कार्यकारिणी में हुकम चंद मेहता एवं लाभ सिंह मतलौडा को संरक्षक बनाया गया है। अली मेहर बापौली तथा सुरेश मलिक पानीपत को उपप्रधान, बलराज बापौली को महासचिव, अजय जैन इसराना को सचिव तथा जय भगवान को प्रोग्राम सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

सचिन मलिक पुत्र श्री राम गोपाल मलिक निवासी मकान नम्बर 1499, सैक्टर 12, हुडा पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है सचिन मलिक पुत्र श्री राम गोपाल मलिक निवासी मकान नम्बर 1499, सैक्टर 12, हुडा पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय मे पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता श्री राम गोपाल मलिक पुत्र श्री राम लाल निवासी मकान नम्बर 1499, सैक्टर 12 हुडा, पानीपत की दिनांक 03-01-2025 को मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उतराधिकारी दर्शाये गये है।

1- द्रोपती देवी विधवा, व 2- प्रवीन पुत्री, व 3- रीतु मलिक पुत्री, व 4- सचिन मलिक पुत्र श्री राम गोपाल मलिक पुत्र श्री राम लाल यानि कुल 4 ही वारिस हैं। इनके इलावा मृतक श्री राम गोपाल मलिक पुत्र श्री राम लाल का अन्य कोई वारिस / उतराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उतराधिकारी के बाबत कोई शक एवंम इतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय मे कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 25.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

श्री कैलाशी झांब पुत्र श्री हीरा लाल पुत्र श्री प्यारे लाल निवासी मकान नं.42-43, राम नगर, तहसील व जिला पानीपत। बनाम जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री नितिश झांब पुत्र स्व0 श्री कैलाशी झांब पुत्र श्री हीरा लाल निवासी मकान न0. 42-43, राम नगर, तह0 व जिला पानीपत ने दस्तावेज बाबत जायदाद को परिवर्तित करने हेतु इस कार्यालय मे पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप मे बताया गया है। यह कि प्रार्थी कि दादी श्रीमति प्रेम लता झांब पत्नी श्री हीरा लाल झांब का देहान्त दिनांक 30/09/2018 को हो चुका है उक्त की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस/उतराधिकारी दर्शाये गये है। पटवारी हल्का तथा निगम पार्षद द्वारा भी अपनी रिर्पोट मे इन्ही वारसान की तसदीक की गई है। यह है कि प्रार्थी कि दादी श्रीमति प्रेम लता झांब पत्नी श्री हीरा लाल झांब के देहान्त के बाद 5 ही जायज वारिस है 1 महेन्द्र कुमार (पुत्र) 2. तिलक राज झांब (पुत्र) 3. राजकुमार (पुत्र) 4. कैलाशी झांब (मृत्क पुत्र) 5. कान्ता (पुत्री) लेट श्रीमति प्रेम लता झांब पत्नी श्री हीरा लाल झांब के है। यह है कि स्व0 श्री कैलाशी झांब पुत्र श्री हीरा लाल पुत्र श्री प्यारे लाल की मृत्यु दिनांक 05/01/2019 को हो चुकी है। यह है स्व0 श्री कैलाशी झांब पुत्र श्री हीरा लाल पुत्र श्री प्यारे लाल की मृत्यु उपरान्त 4 ही जायज वारिस है - 1. वीणा रानी (विधवा) 2. भावना (पुत्री) 3. नितिश झांब (पुत्र) 4 हेमन्त (पुत्र) लेट श्री कैलाशी झांब पुत्र श्री हीरा लाल पुत्र श्री प्यारे लाल है इनके इलावा अन्य कोइ वारिस नही है। इनके इलावा मृतक का अन्य कोई भी वारिस नही है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इश्तहार/ नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिसों के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के अधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 30/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया। जिसका क्रमांक नं.424 है।

तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

श्री हंस राज ढींगडा पुत्र श्री वजीर चन्द ढींगडा निवासी मकान नं.26, हरी बाग कालोनी, तहसील व जिला पानीपत। बनाम जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री अंकुश कुमारं पुत्र स्व0 श्री कृष्ण लाल पुत्र स्व0 श्री हंस राज निवासी मकान न0. 26, हरी बाग कालोनी, तह0 व जिला पानीपत ने दस्तावेज बाबत जायदाद को परिवर्तित करने हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप ने बताया गया है। यह कि प्रार्थी के दादा श्री हंस राज ढींगडा पुत्र श्री वजीर चन्द ढींगडा का देहान्त दिनांक 02/02/1989 को हो चुका है उक्त की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस/उतराधिकारी दर्शाये गये है। पटवारी हल्का तथा निगम पार्षद द्वारा भी अपनी रिर्पोट मे इन्ही वारसान की तसदीक की गई है। यह है कि प्रार्थी कि दादी श्रीमति सीता माई पत्नी श्री हंस राज का देहान्त 07/12/2004 को हो चुका है व परदादी श्रीमति राम बाई (माता स्व0 श्री हंस राज पत्नी श्री वजी चन्द) का देहान्त काफी अरसे पहले हो चुका है यह है कि प्रार्थी के दादा श्री हंस राज पुत्र श्री वजीर चन्द के देहान्त के बाद 4 ही जायज वारिस है 1. कृष्ण लाल (मृत्क पुत्र) 2. सुरेन्द्र कुमार (पुत्र) 3. राज (पुत्री) 4. कृष्णा (पुत्री) लेट श्री हंस राज पुत्र श्री वजीर चन्द के है। यह है कि स्व0 श्री कृष्ण लाल पुत्र स्व0 श्री हंस राज पुत्र श्री वजीर चन्द की मृत्यु दिनांक 28/06/2022 को हो चुकी है। व प्रार्थी कि माता श्रीमति सरोज पत्नी श्री कृष्ण लाल कि मृत्यू दिनांक 09/09/2025 को हो चुकी है। यह हैं स्व0 श्री कृष्ण लाल पुत्र स्व0 श्री हंस राज की मृत्यु उपरान्त 4 ही जायज वारिस है 1. अंकुश (पुत्र) 2. सीमा (पुत्री) 3. मीनू (पुत्री) 4. बीनू (पुत्री) लेट श्री कृष्ण लाल पुत्र स्व0 श्री हंस राज पुत्र श्री वजीर चन्द के है इनके इलावा अन्य कोइ वारिस नही है। इनके इलावा मृतक का अन्य कोई भी वारिस नही है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इश्तहार/ नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिसों के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाषन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 26/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया। जिसका क्रमांक नं.414 है।

तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत।

## खबर संक्षेप

### नगर योजनाकार के दस्ते ने अवैध निर्माण ढहाए

**अंबाला।** नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया अंबाला शहर के गांव पत्ती जट्टां व गांव पत्ती रांगड़ा में लगभग 1.5 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी में बनी हुई सडक़ों के जाल, को पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया गया। मौके पर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता रविंद्र, एसएचओ हरियाणा राज्य प्रर्वतन ब्यूरो व भारी पुलिस बल के साथ मौका पर उपस्थित थे।

### 18 जुलाई को होगी लोक अदालत

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश-कम-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 18 जुलाई 2026 को जिला न्यायालय परिसर में (एनआई एक्ट) से संबंधित मामलों हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य धारा 138 एनआईएक्ट से संबंधित लंबित मामलों का आपसी समझौते एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से त्वरित निपटारा करना है, जिससे पक्षकारों का समय एवं धन दोनों की बचत हो सके तथा न्यायिक प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाया जा सके।

### मेयर ने पीएम-सीएम की तारीफ की

**अंबाला।** मेयर अक्षिता सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रदेश में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रहीं है। इसी कड़ी में केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री स्वनिधि (पीएम स्वनिधि) योजना रेहड़ी-पटरी एवं पथ विक्रेताओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मेयर अक्षिता सैनी मंगलवार को पंचायत भवन अंबाला शहर में आयोजित पीएम स्वनिधि महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहीं थी। इससे पहले मुख्य अतिथि का यहां पहुंचने पर नगर निगम से सिटी मिशन मैनेजर पीएम स्वनिधि तुषार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

### झाड़-फूंक के बहाने सोने की अंगूठी ठगी

**अंबाला।** सब्जी मंडी में एक ठग ने झाड़-फूंक से बीमारी ठीक करने का झांसा देकर बुजुर्ग आढ़ती शाहाबाद के राजेश कुमार से 10 ग्राम की सोने की अंगूठी ठग ली। ठग बुजुर्ग को सुनसान जगह पर ले गया और झाड़-फूंक करने के लिए अंगूठी उतरवाकर अपने पास रख ली। कुछ देर ढोंग करने के बाद कहा कि वह अभी प्रसाद लेकर आ रहा है, आप यहीं बैठो। इसके बाद वह भाग गया। पड़ाव थाना पुलिस ने राजेश कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया है। कुरुक्षेत्र के शाहबाद वासी राजेश कुमार (68) ने बताया कि वह शाहबाद अनाज मंडी में आढ़त का काम करते हैं। उनका बेटा सौरभ अग्रवाल अंबाला शहर के नवनीत नगर में रहता है। वह अपनी पत्नी अनीता रानी के साथ बेटे के घर आए हुए थे। 28 जून की सुबह करीब 8:50 बजे वह शाहबाद लौटने के लिए बेटे के घर से निकले। बेटा अपनी मां को बाइक पर कैंट बस स्टैंड छोड़ने आया था जबकि राजेश कुमार बस से कैंट पहुंचे।

## एडीसी बोले, केंद्रों पर सुरक्षा के बंदोबस्त हों पुख्ता, लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

# हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा में 20 सेंटरों पर 12219 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (लेवल-1, लेवल -2, लेवल -3) का आयोजन 4 व 5 जुलाई होने वाली परीक्षा के लिए कुल 20 सेंटर बनाए गए हैं। कुल 12219 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय के प्रथम तल पर स्थित एनआईसी के सभागार में परीक्षा केंद्रों के अधीक्षकों के साथ परीक्षा के दृष्टिगत की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे । इस मौके पर उनके साथ एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के साथ-साथ हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से अधीक्षक व अन्य संबंधित कर्मचारी भी मौजूद रहे।

एडीसी ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षा को नकलरहित व पारदर्शी तरीके से करवाने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जो हिदायतें जारी की गई हैं उसकी अनुपालना के तहत परीक्षा को नकलरहित व पारदर्शिता तरीके से उसका सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है। उन्होंने इस मौके पर सभी सेंटर अधीक्षकों को कहा कि परीक्षा से पहले वह अपनी ड्यूटी से पहले परीक्षा केंद्रों का जायजा लेना सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ फ्रीक्सिंग टीमें, सीसीटीवी कैमरे, जैमर व वीडियोग्राफी से की टीमें भी अपने कार्य को समय रहते करना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा के दौरान किसी को भी परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके अलावा सेंटर अधीक्षक यह भी सुनिश्चित करें कि स्कूल का जो भी स्टॉफ इस ड्यूटी के लिए लगाया गया है उसने आईडी कार्ड पहना या नहीं। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षार्थी के लिए परीक्षा से सेंटर में पहुंचने के साथ-साथ जो अन्य हिदायतें जारी की गई है उसकी पालना करना सुनिश्चित करें।

### परीक्षा समय

4 जुलाई को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा लेवल-3 दोपहर बाद सांय 3 बजे से 5.30 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा के लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें कुल 4114 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचेगे। उन्होंने बताया कि 5 जुलाई को लेवल- 2 के तहत प्रातः 10 से दोपहर 12.30 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी तथा इस परीक्षा के लिए 20 सेंटर बनाए गए है जिनमें कुल 6141 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि इसी दिन 5 जुलाई को लेवल-1 के तहत परीक्षा का आयोजन होगा तथा यह परीक्षा दोपहर बाद 3 बजे से 5.30 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा के लिए 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें कुल 1964 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचेंगे।



**अंबाला।** मीटिंग में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी।

### परीक्षा आयोजन के लिए दिए महत्तवपूर्ण निर्देश

अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने बताया कि इस परीक्षा के दृष्टिगत अंबाला शहर के लिए एसडीएम दर्शन कुमार व अम्बाला छावनी के लिए एसडीएम कनिका गोयल को नोडल अधिकारी लगाया गया है। तथा परीक्षा के सफलपूर्वक आयोजन को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। परीक्षा के दृष्टिगत सीईओ जिला परिषद् को ऑवर ऑल इंचार्ज लगाया गया है। उन्होंने बैठक में स्पष्ट किया कि परीक्षा के लिए स्कूलों के प्रिंसिपल, परीक्षा केंद्र सुपरवाइजर रहेंगे। एडीसी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को स्पष्ट किया कि परीक्षा के तहत किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी। यदि परीक्षा के तहत किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नजर आई तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक के दौरान परीक्षा केंद्र अधीक्षकों व अन्य को निर्देश दिए कि परीक्षा का सफलता पूर्वक आयोजन करवाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेवारी है। अभी हाल ही में नीट की पुनः परीक्षा का यहां पर सफलतापूर्वक आयोजन करवाया गया है। सभी को बेहतर अनुभव है इसलिए जिसकी भी परीक्षा के तहत जो भी जिम्मेवारी लगाई गई वह हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी हिदायतों की पालना सुनिश्चित करते हुए हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा का जिला में सफलतापूर्वक आयोजन करवाएं। मौके पर नगराधीश अभिषेक गर्ग, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, जिला खजाना अधिकारी सुनीता गोस्वामी भी मौजूद रही।

## शिक्षकों को एआई के प्रभावी उपयोग का प्रशिक्षण मिला



**बराड़ा।** कार्यशाला में भाग लेने वाले टीचर्स।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के तत्वावधान में यूज़ ऑफ एआई इन क्लासरूम विषय पर क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के प्रभावी एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना था। प्रशिक्षण सत्र का संचालन रिसोर्स पर्सन दीपिका वालिया ने किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में एआई की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होने वाली है। एआई के माध्यम से शिक्षक अपने विषय से संबंधित आकर्षक प्रस्तुतियां (पीपीटी), असाइनमेंट, प्रश्न-पत्र एवं अन्य शिक्षण सामग्री कम समय में तैयार कर सकते हैं। इससे शिक्षण प्रक्रिया अधिक प्रभावी, रोचक और विद्यार्थी-केंद्रित बनती है। उन्होंने शिक्षकों को विभिन्न एआई टूल्स के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी देते हुए बताया कि इनके माध्यम से विद्यार्थियों को कठिन विषयों को भी सरल एवं रचनात्मक तरीके से समझाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने एआई के दुरुपयोग से होने वाले संभावित नुकसान पर भी प्रकाश डाला और शिक्षकों से इसके नैतिक एवं जिम्मेदार उपयोग की अपील की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा एआई आधारित शिक्षण तकनीकों को अपने कक्षा-कक्ष में अपनाने का संकल्प लिया। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने रिसोर्स पर्सन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### एडवांस्ड थेराप्यूटिक एंडोस्कोपी से खाने की नली में फंसा निगला हुआ डेंचर निकाला

**मोहाली।** लिवासा हॉस्पिटल, खन्ना के डॉक्टरों ने मरीज की खाने की नली में फंसे निगले हुए डेंचर को सर्जरी के बिना एडवांस्ड थेराप्यूटिक एंडोस्कोपी के जरिए निकाला। 45 साल के पुरुष मरीज को गलती से डेंचर निगल लेने के बाद लिवासा हॉस्पिटल लाया गया था। जांच के बाद, कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ पुलकित धीमान ने तुरंत अपर गैस्ट्रोइंटेस्टिनल एंडोस्कोपी की, जिसमें पता चला कि डेंचर एसोफैगस (खाने की नली) के बीच वाले हिस्से में फंसा हुआ था। एडवांस्ड एंडोस्कोपिक तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए, डॉ धीमान ने सावधानी से एक खास श्रोथ नेट से उसे बाहर निकाला, जिससे बिना किसी परेशानी के उसे सुरक्षित रूप से निकाला जा सका।

## 24,830 बच्चों को पिलाई पोलियो खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अंतर्गत चलाया गया राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस संबंध में सीएचसी के एसएमओ डॉ. गुरप्रीत सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय अभियान के दौरान कुल 24,830 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के पहले दिन बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई, जबकि इसके बाद दो दिनों तक स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया। स्वास्थ्य विभाग की योजनाबद्ध कार्यप्रणाली और आमजन के सहयोग से अभियान का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया।



### पोलियो मुक्त समाज के लिए टीकाकरण जरूरीः डॉ. गुरप्रीत

डॉ. गुरप्रीत सिंह ने इस उपलब्धि के लिए क्षेत्र के सभी अभिभावकों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों के पूर्ण सहयोग के कारण ही अभियान सफल रहा। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों, एएनएम, आशा वर्करों, सुपरवाइजरों तथा अभियान से जुड़े अन्य कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने भीषण गर्मी और अन्य चुनौतियों के बावजूद पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग भविष्य में भी इसी प्रकार के जनस्वास्थ्य अभियानों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ संचालित करता रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे स्वास्थ्य विभाग के प्रत्येक टीकाकरण एवं जनस्वास्थ्य कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग दें, ताकि क्षेत्र का प्रत्येक बच्चा स्वस्थ, सुरक्षित और पोलियो मुक्त रह सके।

## लॉर्ड कृष्णा कॉलेज की प्राचार्या ने किया देश का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। विदेशी शिक्षकों के साथ प्राचार्य रेणू।

लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन अधोया की प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने सिंगापुर में आयोजित प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन यूएनआईटीई 2026 में देश का प्रतिनिधित्व कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने समावेशी शिक्षा (इंक्लूसिव एजुकेशन), शिक्षक शिक्षा तथा विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए भारत में किए जा रहे नवाचारों और अनुसंधान कार्यों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिसकी विभिन्न देशों से आए शिक्षाविदों ने मुक्तकंठ से सराहना की। सिंगापुर के संटेक कन्वेंशन एंड एग्जीबिशन सेंटर में डिस्लेक्सिया एसोसिएशन ऑफ सिंगापुर (डीएएस) की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में 21 देशों के 40 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ वक्ताओं और 400 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), समावेशी शिक्षा, विशिष्ट अधिगम कठिनाइयों, शैक्षिक नवाचार, व्यवहारिक शिक्षण पद्धतियों और शिक्षक प्रशिक्षण जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। डॉ. रेनू सोहता को सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रतिष्ठित ओक फाउंडेशन स्कॉलरशिप प्रदान की गई है।

## राहुल हत्याकांड' बना पहेली, मर्डर या नशे से मौत, पुलिस कर रही है जांच

- सीआईए ने दबोचा इस कांड का मुख्य आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

यहां के वाल्मीकि मोहल्ला के राहुल उर्फ लौटा हत्याकांड अभी भी लोगों के लिए पहेली बना हुआ है। यह केस सीआईए नारायणगढ़ को सौंप दिया था। जांच टीम इस केस के मुख्य आरोपी इसरार समेत अन्य को पकड़ लिया है। पता चला है आरोपियों को 2 दिन के रिमांड पर लिया है।

दो दिन पहले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या को लेकर जांच सीआईए नारायणगढ़ को सौंप दी थी। पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही थी। बता दें कि गांव की वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले राहुल उर्फ लौटा की बीते दिवस संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उसके शरीर पर चोटों के निशान पाए गए जिसके बाद मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई थी। इस मामले में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था।

### पहेली बना है मामला

अभी भी यह मामला पहेली बना हुआ है क्योंकि पुलिस द्वारा जब सख्ती बरती गई तो आरोपियों का कहना था कि मृतक राहुल ने अन्य साथियों के साथ नशे की ओवर डोज ले ली थी जिससे हालत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई। मगर परिजनों ने चोट के निशानों पर उंगली उठाते हुए हत्या की आशंका जताई जिसके बाद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया। अधिकारिक तौर पर तो कोई सूचना नहीं मिली मगर सीआईए सूत्रों से पता चला है कि रिमांड अवधि और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद केस की स्थिति में बदलाव भी हो सकता है।

## एसडीएम ने सभी मामलों की समीक्षा कर दिए जरुरी निर्देश

# एससीएसटी से जुड़े केसों में अधिनियम के तहत करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

उप-मंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की कैलेंडर वर्ष 2026 की त्रैमासिक बैठक का आयोजन एसडीएम सतिंद्र सिवाच की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में किया गया। बैठक में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 (संशोधित अधिनियम 2016) के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पीड़ितों को समयबद्ध सहायता सुनिश्चित करने पर विशेष चर्चा की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ितों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार आर्थिक सहायता समय पर उपलब्ध करवाई जाए। यह अधिनियम अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को गैर अनुसूचित जाति के लोगों द्वारा किए गए अत्याचारों से संरक्षण प्रदान करता है तथा उनके पुनर्वास के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाता है।

### अत्याचार पीड़ितों को मिलेगी आर्थिक सहायता

अधिनियम के तहत पीड़ित व्यक्तियों को 85,000 रुपये से लेकर 8,25,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। यह सहायता विभिन्न गंभीर अपराधों जैसे भूमि पर अनाधिकृत कब्जा, हत्या, डकैती, बलात्कार एवं नरसंहार जैसी घटनाओं के मामलों में दी जाती है। शर्त यह है कि संबंधित मामले में थाने में अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि पीड़ितों को आर्थिक सहायता तीन चरणों—प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त—में प्रदान की जाती है। प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज होने, चालान पेश होने तथा केस के अंतिम निर्णय के आधार पर यह सहायता क्रमवार दी जाती है, ताकि पीड़ितों को न्यायिक प्रक्रिया के दौरान आर्थिक रूप से सहयोग मिल सके। कैलेंडर वर्ष 2026 में अब तक उपमण्डल क्षेत्र में अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कुल एक मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में पात्र पीड़ित को नियमानुसार आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है अथवा प्रदान किए जाने की प्रक्रिया प्रगति पर है। बैठक में अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि ऐसे मामलों की नियमित निगरानी की जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी न हो।

### सतत विकास लक्ष्यों और जलवायु नैतिकता के समन्वय का मार्ग है नीडोनॉमिक्सः प्रो. गोयल

**कुरुक्षेत्र।** नीडोनॉमिक्स सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को जलवायु नैतिकता से जोड़ने के लिए आवश्यक है, क्योंकि यह जिम्मेदारी, संयम और सतत जीवन शैली को बढ़ावा देता है, यह विचार नीडोनॉमिक्स स्कूल ऑफ थॉट के प्रवर्तक, तीन बार के कुलपति तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर मदन मोहन गोयल ने व्यक्त किए। प्रो. गोयल ने यूजीसीझ्रमालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीसी), बीपीएस महिला विश्वविद्यालय, खानपुर द्वारा आयोजित ह्लसतत विकास लक्ष्यः प्रत्येक पाठ्यक्रम में जलवायु कार्रवाई का एकीकरणह्व विषयक रिफ्रेशर कोर्स के दौरान अर्थशास्त्र से आगे जलवायु परिवर्तनः एसडीजी और जलवायु जोखिम सूचकांक 2026 की नीडोनॉमिक्स व्याख्या विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## मुख्यमंत्री 114 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ

# सीएम के दौरे की तैयारियां पूरी, उपायुक्त ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 1 जुलाई को प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री अपने दौरे के दौरान लगभग 114 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मंगलवार को नागरिक अस्पताल नारायणगढ़ तथा जनसभा स्थल अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करें ताकि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। उन्होंने नागरिक अस्पताल में उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों, अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके उपरांत उन्होंने अनाज मंडी स्थित जनसभा स्थल पर मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, पेयजल, बिजली तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु रूप से उपलब्ध रहनी चाहिए। सभी विभाग अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता एवं समन्वय के साथ निर्वहन करें, ताकि कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित हो सके।



**शहजादपुर।** सभास्थल का मुआयना करते डीसी व अन्य अधिकारी।

### छह अस्पतालों का होगा लोकार्पण

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री अंबाला, फरीदाबाद, कैथल, पलवल, रेवाड़ी एवं मांडी खेड़ा (नूंह) के छह जिला अस्पतालों के नवीनीकरण उपरांत तैयार परियोजनाओं (28.09 करोड़ रुपये) का लोकार्पण, कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत पांच प्रमुख कॉर्पोरेट संस्थानों के 19.71 करोड़ रुपये के सहयोग से विकसित स्वास्थ्य सुविधाओं, प्रथम चरण में राजकीय विद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाओं के शुभारंभ तथा प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों एवं चिकित्सा महाविद्यालयों में आयोजित होने वाले वृक्षारोपण पखवाड़े का भी शुभारंभ करेंगे।